## पीएस राजस्व और जबलपुर के कलेक्टर तहसीलदार को अवमानना नोटिस

### हाईकोर्ट के निर्देश के बावजूद सीमांकन नामांतरण नदारद होने का आरोप



जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के नजस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने पूर्व निर्देश के बावजूद सीमांकन व नामांतरण नदारद होने के रवैये को गंभीरता से लिया। कोर्ट ने प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवा1, जबलपुर के कलेक्टर दीपक सक्सेना व तहसीलदार विकास चंद जैन को अवमानना नोटिस जारी किए।

अवमानना याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अमित सेन की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, विनीत टेहनगुरिया ने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से भूखंड क्रय किया है। जिसके बाद मध्य प्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत वर्ष-2023 में सीमांकन हेतु विधिवत आवेदन प्रस्तुत किया था। एक माह की समय-सीमा सीमांकन हेतु निश्चित होने के बावजूद जब एक वर्ष से अधिक व्यतीत होने के बाद भी सीमांकन नहीं किया गया तो याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। जिसकी सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने एक माह के भीतर सीमांकन नामांतरण प्रक्रिया पूर्ण करने निर्देश दिए थे। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। महज खानापूर्ति कर परेशान किया जा रहा है।

### पीएस राजस्व और जबलपुर के कलेक्टर-तहसीलदार को अवमानना नोटिस

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट के नजस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने पूर्व निर्देश के बावजूद सीमांकन व नामांतरण नदारद होने के रवैये को गंभीरता से लिया। कोर्ट ने प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवा1, जबलपुर के कलेक्टर दीपक सक्सेना व तहसीलदार विकास चंद जैन को अवमानना नोटिस जारी किए। अवमानना याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी अमित सेन की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, विनीत टेहनगुरिया ने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से भूखंड क्रय किया है। जिसके बाद मध्य प्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत वर्ष-2023 में सीमांकन हेतु विधिवत आवेदन प्रस्तुत किया था। एक माह की समय-सीमा सीमांकन हेतु निश्चित होने के बावजूद जब एक वर्ष से अधिक व्यतीत होने के बाद भी सीमांकन नहीं किया गया तो याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दी थी। जिसकी सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने एक माह के भीतर सीमांकन नामांतरण प्रक्रिया पूर्ण करने निर्देश दिए थे। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। महज खानापूर्ति कर परेशान किया जा रहा है।

## डुमना एयरपोर्ट से बड़े शहरों के लिए फ्लाइट की संख्या बढ़ाने क्या योजना बनाई

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि डुमना एयरपोर्ट से बड़े शहरों के लिए फ्लाइट की संख्या बढ़ाने क्या योजना बनाई है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने 11 अगस्त तक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को एयरलाइंसस कंपनियों के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर ठोस निर्णय लेने कहा था। मामले पर बुधवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि बैठक के लिए पत्र लिखा, लेकिन कंपनी के अधिकारी नहीं पहुंचे। यह भी बताया गया कि सरकार ने एयरपोर्ट में कुछ सर्विस चार्ज कम भी कर दिए हैं। कोर्ट ने पुनः बैठक करने और रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए।राज्य शासन की ओर से पूर्व में कोर्ट को अवगत कराया गया था कि सरकार ने फरवरी, 2025 में एक योजना बनाई है। इसमें एयरलाइंस कंपनियों को रियायती दरों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। कोर्ट ने उक्त नीति के लिए सरकार की पहल की सराहना करते हुए उस पर अमल करने के निर्देश दिए थे। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की ओर से 2024 में जनहित याचिका दायर कर जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग की गई है। नोटिस जारी होने के बाद विमानन कंपनियों ने अपने जवाब में कहा था कि अधिक टैक्स लिए जाने के कारण वे फ्लाइट संचालन में असमर्थ हैं।

## लीज और मुआवजे के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव को मिली स्वीकृति

**जबलपुर**। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यालय परिसर स्थित महापौर कक्ष में मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सर्वसम्मती से सभी आवश्यक प्रस्तावों की स्वीकृति प्रदान की गयी। जिसमें मुख्य रूप से नगर निगम द्वारा संचालित 05 उच्चतर माध्यमिक शालाओं में अतिथि शिक्षकों के रूप में कार्यरत शिक्षकों को पूर्व सत्र 2024-25 की तरह वर्तमान सत्र 2025-26 में भी अध्ययन-अध्यापन का कार्य करने संबंधी प्रस्ताव की मंजूरी दी गयी। इस मंजूरी से निगम शालाओं से 45 अतिथि शिक्षकों को लाभ मिलेगा।



महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने बताया कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत लगभग 2.50 करोड़ रूपये पूर्व के कार्यो में आंशिक संशोधन करने संबंधी प्रस्ताव भी पारित किये गए हैं। जिसमें उच्च गुणवत्ता के पंप लगाने के विषय विषयांकित है। इससे बार-बार पंपों को सुधारने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। महापौर ने यह भी बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर के 69द भूखण्डों की स्वीकृति और 30 भूखण्ड के निरस्तीकरण संबंधी प्रस्तावों पर लीगल ओपिनियन लेकर ही निर्णय लेने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गए। इसी प्रकार अन्य लीज और मुआवजे के संबंध में प्राप्त प्रस्तावों पर भी एम.आई.सी. में चर्चा हुई और स्वीकृति प्रदान की गयी।मेयर इन काउंसिल की बैठक में जल विभाग से प्राप्त मेंटनेन्श संबंधी प्रस्ताव जिसमें सालभर सुचारू रूप से स्वीकृत दारों पर कार्य किये जाते हैं कि मंजूरी दी गई और टेण्डर जारी करने के निर्देश दिये गए।

मेयर इन काउंसिल की बैठक में महापुरूषों के नामकरण से संबंधित प्रस्तावों को मेयर इन काउंसिल की बैठक में प्रस्तुत कराए गये, जिसमें क्रमशः एल.आई.सी. ऑफिस के सामने रतन नगर तिराहे से कान्हा लेक व्यू सूपाताल तक की रोड़ का नाम श्री सत्य सांई मार्ग, दीवान आधार सिंह वाड्र क्रमांक-61 के अंतर्गत महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण संस्थान के बाजू से वर्मा आटा चक्की तक न्यू कंचनपुर वाली सड़क का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. मिठाई लाल जायसवाल जी मार्ग, कल्चुरी होटल के सामने से गोपाल होटल वाली रोड़ इंडियन बैंक चौराहे तक की रोड़ का नाम योगेन्द्र सिंह योगी जी मार्ग, के नाम से नामकरण करने, तिलवारा घाट माँ नर्मदा के तट में स्थित खाली पड़े चबूतरे में भगवान श्री सहस्त्रबाजू जी महाराज एवं अंधमूक बायपास स्कूल के प्रवेश द्वार के समीप आद्य जगदगुरू रामानंदाचार्य जी की मूर्ति स्थापना करने संबंधी प्रस्ताव की मंजूरी प्रदान की गयी। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल के सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, अपर आयुक्त वित्त प्रशांत गोटिया, अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त श्रीमती अंकित बर्मन, श्रीमती रचयिता अवस्थी, शिवांगी महाजन, मेयन इन काउंसिल सचिव के.सी. पाण्डेय, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, सहायक यंत्री राजेश खम्परिया, अंकुर नाग, अमन तिवारी, अतिथि शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

## युवा कांग्रेस ने BSC नर्सिंग कोर्स/ ट्रेनिंग पास कर चुकी छात्राओं को अतिशीघ्र नियुक्ति देने मेडिकल डीन को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर**। युवा कांग्रेस द्वारा नगर अध्यक्ष विजय रजक के नेतृत्व में आज नर्सिंग छात्राओं व संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल हॉस्पिटल के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना को ज्ञापन सौंपकर BSC नर्सिंग की पास छात्राओं को जल्द नियुक्ति देने ज्ञापन सौंपा। संगठन व छात्राओं ने आरोप लगाया है कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में वर्ष 2018-19 BSC नर्सिंग कोर्स में व्यापमं द्वारा सेलेक्ट होकर छात्राओं ने एडमिशन लिया था जिन्होंने 2022-23 में अपने चार वर्ष पूर्ण करते हुए नर्सिंग कोर्स की परीक्षा/ ट्रेनिंग पास कर ली है, नियम अनुसार इन सभी छात्राओं को चार वर्ष की ट्रेनिंग पूर्ण करने के बाद अस्पताल में ही शासकीय सेवा करने का अवसर मिलना था जिसके लिए कॉलेज प्रबंधन द्वारा इनसे 4 वर्ष की परीक्षा/ ट्रेनिंग पूरी करने के बाद अस्पताल में ही सेवा देने हेतु वचनबद्ध रहने का दो लाख रुपये का बॉन्ड भी साइन कराया गया था जिसमें छात्राओं को हॉस्पिटल में नौकरी न करने पर दो



लाख रुपये की जुर्माना राशि भी देने का जिक्र था, लेकिन उसके बाद भी इन्हें पास हुए दो वर्ष से ज्यादा का समय बीत चुका है और हॉस्पिटल द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी दिशा निर्देश इनकी पोस्टिंग के संदर्भ में जारी नहीं किया गया है, ये सभी छात्रायें बेरोजगार हैं और अपने भविष्य को लेकर चिंतित भी हैं और अपनी पोस्टिंग के लिए हॉस्पिटल प्रबंधन व सरकार के दिशा निर्देश का इंतजार कर रही हैं। युवा कांग्रेस ने ज्ञापन में अतिशीघ्र इन सभी छात्राओं की जॉइनिंग के संदर्भ में उचित कार्रवाई कर दिशा निर्देश देने की मांग की है और ये चेतावनी भी दी है कि जल्द यदि कार्यवाही नहीं होती है तो हॉस्पिटल प्रबंधन व सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में जबलपुर युवा कांग्रेस इन सभी पीड़ित छात्राओं के साथ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेगा। ज्ञापन में नगर अध्यक्ष विजय रजक, कौशल यादव, करन तामसेतवार, संजना प्रजापति, प्रीति मिश्रा, श्रद्धा शुक्ला, किरन बेरावी, सपना ककोरिया, निशा प्रशाद, शुभम रजक, राहुल बघेल, सुमित गुप्ता, मोहित सुफेले, आयुष तिवारी, मोहित वर्मा, गुलशन कोल, लक्की सुफेले, सागर वंसवती, राहुल अहिरवार शामिल थे।

## रिमझिम फुहारों से भींगता रहा शहर

### सेहत पर भारी पड़ रही मौसम की मार, वायरल फीवर के मरीज बढ़े

जबलपुर।

**शहर में पिछले 48 घंटों से रिमझिम बारिश की फुहारें अनवरत रूप से जारी हैं. बुधवार को ही देर शाम तक फुहारे चलती रहीं. पिछले 20 दिन से सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुये. लगातार बारिश से चारों तरफ पानी पानी नजर आ रहा है.**

सड़के गीली घर गीले यहां तक की रेनकोट भी नहीं सूख पा रहे हैं. मौसम का असर स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है. वायरल फीवर सर्दी खांसी मलेरिया के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं. दराअसल बारिश के पानी में बैक्टेरिया और मच्छर जल भराव के कारण पनप रहे हैं. मौसम की मार सेहत पर भारी पड़ रही हैं. अस्पतालों की ओपीडी भरी पड़ी है. अब यदि धूप नहीं खिली तो बीमारियां और तेजी से बढ़ेंगी.

इधर मौसम विभाग ने चेतावनी दी है की अगले 24 घंटे के दौरान भी जिले में बारिश का दौर जारी रहेगा. पिछले 24 घंटे के दौरान करीब 2 इंच वर्षा दर्ज की जा चुकी है. कुल बारिश का आंकड़ा 29.09 इंच पर पहुंच



गया है। मौसम विभाग का कहना है कि पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर बने हवा के कम दबाव वाले क्षेत्र के कारण मानसून सक्रिय है। बुधवार को भी सुबह से बादल छाये रहे और रूक-रूक कर बारिश का क्रम जारी रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 6 डिग्री कम, न्यूनतम तापमान 23.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 98 प्रतिशत और सायंकाल भी 96 प्रतिशत आंकी गई। पिछले 24 घंटों के दौरान 48.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 759.3 मिमी (29.9 इंच) आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.41 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.53 मिनिट पर हुआ। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 4 से 5 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ने की संभावना है।

## गौवंश को सड़क दुर्घटना से बचाने चलाये जा रहे अभियान के दिखने लगे सकारात्मक परिणाम

**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना की पहल पर गौवंश को सड़क दुर्घटना से बचाने जबलपुर-भोपाल मार्ग पर शहपुरा जनपद पंचायत क्षेत्र में चलाये जा रहे अभियान के सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के इस हिस्से पर अब गौवंश का विचरण कम हो गया है और दुर्घटनाओं में भी अपेक्षाकृत कमी आई है।

कलेक्टर सक्सेना की इस पहल के तहत सड़क दुर्घटना से गौवंश की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के आस-पास के क्षेत्र में गौशालाएं चिन्हित की गई तथा सड़क पर विचरण कर रही गायों को लाकर इन गौशालाओं में रखा जा रहा है। इन गौशालाओं में गौवंश के लिए भूसा और पानी की व्यवस्था की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतें निभा रही हैं तथा इनके स्वास्थ्य की देखभाल का दायित्व जनपद पंचायत शहपुरा ने संभाल रखा है।

उप पुलिस महानिरीक्षक अतुल सिंह ने गौवंश की सुरक्षा के लिए जिले में चलाये जा रहे अभियान की सराहना करते हुए गायों को सड़क दुर्घटना से बचाने के कलेक्टर जबलपुर द्वारा अपनाये गये इस उपाय को सर्वोत्तम बताया है। सिंह ने कहा कि इस अनूठी पहल के फलस्वरूप जहां एक ओर राष्ट्रीय राजमार्ग पर विचरण कर रहे गौवंश की संख्या में कमी आई है, वहीं दुर्घटनाओं में भी काफी गिरावट देखी जा रही है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर गौवंश को सड़क दुर्घटना से बचाने जनपद पंचायत शहपुरा के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर पशुओं के विचरण को रोकने के उपायों पर विचार विमर्श करने जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में 14 जुलाई को बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों पर विचरण कर रहे गौवंश की सुरक्षा के लिये 15 जुलाई से अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था। जिला पंचायत के सीईओ ने बैठक में नेशनल हाईवे पर विचरण कर रहे गौवंश को हटाकर उन्हें गौशाला में रखने या कांजी हाऊस भेजने के निर्देश दिये थे। बैठक में सड़कों पर मवेशियों को न छोड़ने के लिये पशु पालकों को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया था।

## घर में घुसकर महिला डॉक्टर को चाकू मारा

### श्रीकृष्ण परिसर में हुई वारदात

जबलपुर।

गढ़ा थाना अंतर्गत कृष्ण परिसर निवासी नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में पदस्थ डॉक्टर नीलम सिंह पर घर में घुसकर एक युवक ने चाकू से हमला कर दिया.

घटना के वक्त डॉक्टर नीलम अकेली थीं.जानलेवा हमले में डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गईं. लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. डॉक्टर को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. घटना की वजह अभी स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई है.एक तरफ कहा जा रहा है की युवक चोरी की नियत से घर में घुसा था, वहीं यह बात भी सामने आई है की युवक काम मांगने डॉक्टर के घर बार बार जा रहा था. जबकी उन्हें काम के लिये किसी की जरूरत नहीं थी. जानकारी के मुताबिक कृष्ण परिसर में रहने वाली डॉक्टर नीलम सिंह जब घर पर अकेली थी तभी उनके दरवाजे पर आकर आरोपी ने घंटी बजाई. जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला तो उन पर हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी मुकुल को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## स्वतंत्रता दिवस का आयोजन गरिमामय रूप से हो : कलेक्टर

**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में 15 अगस्त की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन गरिमामय रूप से हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कार्यक्रम पुलिस ग्राउंड में आयोजित की जाएगी, अतः मंच व ग्राउंड की व्यवस्था पहले से देख ले, इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस के दौरान किए जाने वाले विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस में पुरस्कारों के लिए नाम 10 अगस्त को शाम 5 बजे तक देना सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि ग्राम स्तर पर उत्कृट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कार में प्राथमिकता देवे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ अन्य गतिविधियों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि सार्वजनिक भवन एवं राष्ट्रीय महत्व की इमारत में 14 एवं 15 अगस्त की रात को प्रकाश की व्यवस्था भी किया जाए। इसके अलावा 1 अगस्त को मिशन स्वच्छ जबलपुर अंतर्गत आयोजित होने वाले स्वच्छता महोत्सव की तैयारी के संबंध में चर्चा कर सभी को आवश्यक निर्देश दिए कि जबलपुर को स्वच्छता में नंबर वन लाने के लिए सार्थक व प्रभावी प्रयास करें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, अपर कलेक्टर सु मिशा सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, एडीएम नाथूराम गोड, एडिशनल एसपी आनंद कलादगी सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### जीडीकेएफ के सदस्यों ने कहा पत्र के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

## प्रशासन की अनदेखी से बढ़ा घरेलू सिलेंडरों का अवैध इस्तेमाल

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का इस्तेमाल वाहनों में किया जा रहा है, जो न सिर्फ गैरकानूनी है, बल्कि जानलेवा भी। घरेलू गैस सिलेंडर के अवैध इस्तेमाल से सरकार को भी 8 प्रतिशत जीएसटी का नुकसान हो रहा है। यह जानकारी ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन (जीडीकेएफ) के कार्यकारी संचालक शुभम रंगारी ने शहीद स्मारक गोलबाजार में स्थित आरबी कैफे में बुधवार दोपहर को आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। श्री रंगारी ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा कलेक्टर एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति अधिकारी को कार्रवाई के लिए अनेक पत्र दिए जा चुके हैं। बावजूद इसके आज तक खाद्य अधिकारी द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके चलते धड़ल्ले से अवैध रिफिलिंग पॉइंट संचालित है जिससे किसी भी दिन कोई बड़ा हादसा जबलपुर शहर में हो सकता है। इसके प्रति शहरवासियों को जागरूक करने की दृष्टि से शहर के होटल, रेस्टोरेंट में जागरुकता अभियान के तहत जानकारी प्रदान की गई। पत्रकार वार्ता में संदीप गुप्ता, नरेंद्र सिंह तंवर, हिमांशु परिहार उपस्थित थे।




**क्यूआर कोड से ट्रैकिंग की मांग-**

फाउंडेशन के मेंबरों ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर में क्यूआर कोड से ट्रैकिंग प्रारंभ करने की मांग उठाई, ताकि घरेलू सिलेंडर के अवैध इस्तेमाल पर रोक लगाई जा सके।

## एसटीएफ एसपी बने विवेक कुमार लाल



**हरिभूमि, जबलपुर।** विवेक कुमार लाल एसटीएफ ईकाई जबलपुर के एसपी बनाए गए हैं। विगत दिनों पहले उन्होंने अपना कार्यभार संभाला। इससे पहले लाल मऊगंज, डिंडौरी, दमोह आदि में बतौर एडिशनल एसपी के पद पर रहकर अपनी सेवाएं दें चुके हैं। श्री लाल पुलिस विभाग में अपराधों की रोकथाम के लिए उत्कृष्ट कार्यप्रणाली के लिए बखूब ही जाने जाते हैं।

**“नशे से दूरी है जरूरी”**

*15 दिवसीय नशा मुक्ति अभियान का मानस भवन में भव्य समापन, डीआईजी रहे मुख्य अतिथि, पुलिस कप्तान ने की अध्यक्षता*

# नशा सिर्फ व्यक्ति नहीं, पूरा समाज तोड़ता है

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्य प्रदेश शासन एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देश पर 15 जुलाई से 30 जुलाई तक आयोजित ''नशे से दूरी, है जरूरी'' नशा मुक्ति जनजागरण अभियान का समापन बुधवार को मानस भवन में भव्यता एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में डीआईजी जबलपुर रेंज अतुल सिंह मुख्य अतिथि रहे। वहीं पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।









### 15 दिन, 15 सौ कदम पुलिस की अनूठी पहल

एएसपी सिटी/क्राइम आनंद कलादगी ने बताया कि 15 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जबलपुर पुलिस ने स्कूल, कॉलेज, बस्तियों, कोचिंग, हॉस्टल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और यहां तक कि जेलों में जाकर नशे के दुष्परिणामों से युवाओं व नागरिकों को अवगत कराया। नाट्यलोक संस्था एवं लोक नाट्य कल्याण समिति द्वारा नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत और लघु फिल्मों के माध्यम से समाज में प्रभावशाली संदेश दिया गया।

### सार्वजनिक भागीदारी व नवाचार से सजा मंच

अभियान के दौरान आयोजित रील प्रतियोगिता, निबंध, रंगोली, ड्राइंग और पेंटिंग स्पर्धाओं में विजयी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। रील प्रतियोगिता में अंशुल मिश्रा को प्रथम 11 हजार, शानू शर्मा को द्वितीय सात हजार व नमन मिश्रा को तृतीय पांच हजार का पुरस्कार प्रदान किए गए।

### समाज को जगाने का संकल्प

डीआईजी अतुल सिंह ने पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय व टीम को समाज में प्रभावशाली जागरूकता फैलाने हेतु बधाई दी और कहा, ₹नशा सिर्फ व्यक्ति नहीं, पूरा समाज तोड़ता है। हमें बच्चों में बचपन से ही नशे से दूरी का बीजारोपण करना होगा।₹

### संकल्प दिलाकर किया समापन

कार्यक्रम के अंत में डीआईजी अतुल सिंह, पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों, शिक्षकगणों, छात्र-छात्राओं और उपस्थित जनसमूह को नशे से दूर रहने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

### प्रेरणादायी नेतृत्व व संगठित प्रयास

इस सफल आयोजन में एएसपी सिटी/क्राइम आनंद कलादगी, पल्लवी शुक्ला, सूर्यकांत शर्मा, अंजना तिवारी, नोडल अधिकारी आकांक्षा उपाध्याय सहित जिले के समस्त थाना प्रभारी, रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य एवं कंट्रोल रूम प्रभारी सतीश झारिया की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### डीआईजी, कप्तान का प्रेरणादायी उद्बोधन

डीआईजी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा केवल व्यक्ति को नहीं, पूरे समाज को खोखला करता है। जबलपुर पुलिस ने जिस संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से यह अभियान चलाया, वह सराहनीय है। यह प्रयास भविष्य में जबलपुर को नशा मुक्त बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। वहीं कप्तान उपाध्याय ने कहा कि यह अभियान केवल 15 दिनों का नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने का माध्यम है। हमने कोशिश की है कि हर आयु वर्ग तक नशे से होने वाले नुकसान की जानकारी पहुंचे और जागरूकता का बीज घर-घर बोया जाए।

## तहसीलदार, सीएमओ ने बढ़ते जल स्तर का निरीक्षण किया



**भेड़ाघाट।** भेड़ाघाट में लगातार बारिश के चलते हुए भेड़ाघाट मां नर्मदा का जलस्तर बढ़ रहा हैं जिसमें धुआंधार स्थित पुल के ऊपर से पानी वह रहा है। तहसीलदार गोरखपुर सीएमओ नगर परिषद भेड़ाघाट एवं पुलिस थाना भेड़ाघाट द्वारा घाटों का निरीक्षण किया गया साथ ही जलस्तर बढ़ने से पर्यटकों एवं रहवासियों को सचेत रहने की सलाह दी गई। दोनों ओर कर्मचारियों द्वारा पूर्ण निगरानी की जा रही है साथ ही पुल के दोनों साइड वेरीकेट लगाकर पूर्ण रुप से बंद कर दिया गया है जिससे रात में एवं आने वाले पर्यटकों के लिए फ्लेक्स लगाकर सूचित किया गया है कि पानी के किनारे ना जाए आपको खतरा हो सकता हे एवं हूटर बजाकर क्षेत्रवासियों को भी सूचित किया जा रहा है।

## शिव महापुराण कथा का आयोजन



**मझौली।** गांधी भवन में चल रही शिव महापुराण कथा में कथा वाचक आकर्षण महाराज के द्वारा शिव विवाह एवं शिव पार्वती पुत्र कार्तिकेय गणेश जी की कथा का वर्णन किया। उनके द्वारा बताया गया कि भगवान कार्तिकेय गणेश जी की पूजा अर्चना करने से समस्त यश की प्राप्ति होती है हमें आपस में लडना नहीं चाहिए अपने से बड़ों का सम्मान करना चाहिए। आकर्षण जी महाराज के द्वारा गुरु दिक्षा के बारे में जानकारी दी कि ब्राह्मण को सन्यासी से एवं बाकी सभी लोगों लोगों को गृहस्थ आश्रम संत से गुरु दीक्षा लेना चाहिए महिलाओं को हनुमान जी शनीदेव काली जी को दूर से नमन करना चाहिए। प्रति दिन सुबह पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रूद्राभिषेक किया जाता है दोपहर बाद 3 बजे से 7 बजे शिवपुराण कथा यह आयोजन समस्त नगर वासियों के द्वारा किया गया है।

**संदीपनी विद्यालय में 55 साइकिलों का वितरण**

## छात्र छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें : रश्मि अग्निहोत्री



**सिहोरा।** संदीपनी पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उ मा विद्यालय सिहोरा में कक्षा नवमी के छात्र एवं छात्राओं को निः शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री अध्यक्ष जनपद पंचायत सिहोरा के मुख्य आतिथ्य,पार्षद रीता शुक्ला के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया अध्यक्षता प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय ने की। अतिथियों का स्वागत उप प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार मिश्रा सहित अन्य स्टाफ के सदस्यों ने किया अतिथियों के द्वारा कक्षा 9 वीं के 30 बालक और 25 बालिकाओं को निः शुल्क साइकिल वितरित की। मुख्य अतिथि ने कहा कि शासन के द्वारा आपको पुस्तक, गणवेश, साइकिल सहित अन्य सुविधाएं दी जा रहीं है अब आप लोगों को मन लगाकर पढ़ाई करना है। आयोजन में बच्चों ने एन सी सी सॉन्ग का प्रदर्शन भी किया ।कार्यक्रम का संचालन संदीप सोनी ने किया। सफल बनाने में अमित जैन,सुरेश यादव, रामबरन, राजेंद्र ठाकुर आदि का योगदान रहा।

## फलदार पौधे एंव पेन का किया वितरण



**सिहोरा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड मझौली सेक्टर पिपरिया के ग्राम शिवधाम में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा एवं बीजरोपित पैकेट्स एवं फलदार पौधों पेन का वितरण कर कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में सीएचओ अनुराधा चक्रवर्ती मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थीं। पिपरिया सरपंच अजय साहू,ब्लॉक समन्वयक तृप्ति मिश्रा एवं नवांकुर संस्था पिपरिया अध्यक्ष सचिन तिवारी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, नवांकुर सखियां आशा कार्यकर्ता प्रतिभा तिवारी एवं परामर्शदाता मुकेश साहू, नीरज दुबे, मनीष अवस्थी, सौरभ पांडे, कविता दाहिया सहित एकल अभियान सदस्य अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम की सभी नवांकुर सखियों ने पौधे लगाने व संरक्षण का संकल्प लिया।

## आज सेवानिवृत्त होंगे तिवारी व उपाध्याय



**सिहोरा।** शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में पदस्थ सहायक शिक्षक जयप्रकाश तिवारी एंव शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला सिहोरा में पदस्थ सहायक शिक्षक राम प्रताप उपाध्याय अपनी अधिवार्षिकी सेवा पूर्ण कर आज 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। विद्यालय परिवार द्वारा दोनो शिक्षकों के सम्मान में बिदाई समारोह का आयोजन किया गया है।

## पति की प्रताड़ना से तंग आकर की थी रिया ने आत्महत्या

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अतंर्गत अंधमूक बाईपास के पास पति की प्रताड़ना से तंग आकर एक महिला ने जहरीली वस्तु का सेवन कर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर मामला जांच में लिया है। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनसुार अंधमूक बायपास के पास निवासी 29 वर्षीय श्रीमति रिया सिंह को जहरीली वस्तु का सेवन करने पर गत 26 मई को नेशनल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान देर रात 12.50 बजे मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच मे लिया गया। जांच के दौरान मृतिका श्रीमति रिया सिंह के मायके पक्ष के कथन के अनुसार मृतिका रिया सिंह एवं रिया सिंह के पति आशीष सिंह के बीच विवाद होते रहते थे एवं मृतिका का पति आशीष सिंह के भाई धर्मेन्द्र की साली रोहणी सेंगर उनके पास लगभग एक साल से रह रही थी जिसकी शादी आशीष से कराना चाहते थे इसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद होते थे रिया के पति द्वारा रिया के साथ मारपीट की जाती थी एवं मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ति किया जाता था पति द्वारा चोरी का आरोप भी रिया सिंह पर लगाकर प्रताड़ति किया गया जिससे परेशान होकर गत 26 मई को रिया सिंह ने चूहामार जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया था जिसे उपचार के लिए गत 27 मई की रात लगभग 9 बजे मौत हो गई।

## महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ, संभागीय उपाध्यक्ष का सम्मान

**जबलपुर।** शासकीय मानकुंवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में पदस्थ वरिष्ठ प्राध्यापक एवं महाविद्यालय प्राध्यापक संघ की संभाग उपाध्यक्ष प्रोफेसर जोगिंदर कौर गुजराल की सेवानिवृत्ति की पूर्व संध्या पर प्राध्यापक संघ द्वारा साल श्री फल देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर मध्य प्रदेश महाविद्यालय प्राध्यापक संघ के जबलपुर संभाग के संभागीय अध्यक्ष प्रोफेसर अरुण शुक्ला डॉक्टर राजीव मिश्रा प्रोफेसर डॉ राजेश श्याम कुमार एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर स्मृति शुक्ल प्राध्यापक संघ इकाई के डॉ अर्चना सिंह डॉ उषा कैली डॉक्टर डॉ ज्योति जाट डॉ बलिराम अहिरवार तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ आर्यन श्रीवास्तव डॉ ब्रह्मानंद त्रिपाठी डॉ आशा दुबे डॉ. नीना उपाध्याय आदि सभी वरिष्ठ प्राध्यापक एवं महाविद्यालय प्राध्यापक संघ के सदस्य पदाधिकारी की उपस्थिति रही महाविद्यालय की प्राचार्य एवं प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष द्वारा कहा, डॉक्टर जोगिंदर सिंह गुजराल का संघ एवं उच्च शिक्षा विभाग को दिया गया योगदान हमेशा अविस्मरणीय रहेगा।

### भविष्य में स्वस्थ जीवन मंगल की कामना की

**बरेला।** जबलपुर से बरेला के बीच टोल नाका के समीप किसान बहुत परेशान हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग बनने के कारण बरसात का पानी खेतों में भर रहा है निकासी बनाई नहीं गई। जिसके कारण लगभग सौ एकड़ जमीन की फसल खराब हो रही है। भारतीय किसान यूनियन सर्व के जिलाध्यक्ष अरविन्द तिवारी ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और किसान जहीर अहमद, सुरजीत सिंह बच्चा यादव,शेख शानू, रामजी रैकवार, कपिल पटेल, विपिन झारिया, मुन्ना लाल झारिया के साथ एन एच के अधिकारी साहू जी से मुलाकात की ।साहू जी ने अतिशीघ्र समस्या समाधान हेतु आश्वासन दिया है।

## चौकीदार को रास्ते में रोककर बदमाशों ने किए चाकू से हमला



**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत रामचंद्र मिशन आश्रम के आगे स्कूटी में सवार तीन अज्ञात लड़कों ने एक चौकीदार की साईकिल को ओवरटेक करते हुए रोका और शराब पीने के लिए रुपए की मांग कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनी कालोनी शास्त्रीनगर निवासी 54 वर्षीय ओरिएंटल कॉलेज चौकीदार रामकिशन रजक गत दिवस अपनी साइकिल से अपनी ड्यूटी करने जा रहा था, जैसे ही वह रामचंद्र मिशन आश्रम के आगे रात लगभग 8 बजे पहुंचा तभी स्कूटी में अज्ञात तीन लड़के उसे ओवरटेक करते हुए रास्ता रोके और गालीगलौज कर शराब पीने के लिए रुपए की मांग करने लगे, पैसे देने से मना करते हुए चौकीदार रामकिशन अपनी साइकिल छोड़कर ओरिएंटल कॉलेज तरफ भागने लगा एवं अपने साथियों को आवाज लगाया उसके साथी ओरिएंटल कॉलेज से टार्च लेकर उसकी तरफ भागते हुये आये तो तीनों लड़कों में से एक लडके ने उसके पीछे दौड़ते हुये चाकू से हमलाकर उसके कमर में चोट पहुंचा दी तथा तीनों अपनी स्कूटी से अंधमुख तरफ भाग गए। तीनों लड़कों की उम्र 20-25 वर्ष की होगी। पुलिस ने अज्ञात तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 119(1), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## मेडीकल स्टाफ नर्स के घर से जेवर व नगदी चोरी




**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत शिव आराध्य बिहार कालोनी में एक नर्स के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 1 लाख के जेवर व 8 हजार रुपए नगदी चोरी कर ले गए। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव आराध्य बिहार कालोनी निवासी 35 वर्षीय मेडीकल कॉलेज स्टॉफ नर्स लक्ष्मी चौधरी गत रात लगभग 8 बजे घर में ताला लगाकर नाईट ड्यूटी पर गई थी। दूसरे दिन सुबह लगभग 8 बजे घर आई तो मेन गेट का ताला टूटा मिला और दो खिड़की खुली मिली। पूजा वाले कमरे में रखी आलमारी में रखा सोने का मंगलसूत्र, 2 अंगूठी, 1 लोंग, चांदी की 2 जोड़ी पायल, 3 जोड़ी बिछिया एवं नगदी 8 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## 100 पाव देशी शराब लदा एक्सिस वाहन छोड़कर भागा आरोपी



**जबलपुर।** कटंगी चौकी बेलखाडू चौराहा में एक्सिस से अवैध रुप से परिवहन कर ले जा रही 100 देशी शराब और एक्सिस वाहन पुलिस ने जब्त कर ली है। वहीं आरोपी मौके से फरार हो गया। कटंगी चौकी बेलखाडू पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस मुखबिर की सूचना पर बेलखाडू चौराहा में शराब परिवहन कर ले जा रही एक्सिस क्रमांक एमपी 20 जेड एल 3686 का चालक पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से एक्सिस में रखी एक बोरी 100 पाव देशी शराब जब्त की है जिसकी कीमत लगभग 9 हजार 400 रूपये बताई गई है। पुलिस ने एक्सिस के जप्त करते हुये एक्सिस चालक के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



**श्री मदन तिवारी-** हाथीताल गुरूद्वारा निवासी शुभम तिवारी के पिता श्री मदन उर्फ राजेंद्र तिवारी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार आज गुरुवार को सुबह 9.30 बजे गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया जायेगा।

**श्री राम गोपाल पांडे-** नई बस्ती नं. 2 गोहलपुर निवासी श्री राम गोपाल पांडे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सपेंद्र शुक्ला-** पीपल मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री सपेंद्र शुक्ला (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सीता बाई राठौर-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री राम शरण राठौर की धर्मपत्नी श्रीमती सीता बाई राठौर (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा बाई चौधरी-** रामहरख का बगीचा पूर्वी घमापुर निवासी श्री रामसिया चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।


**श्री दिलीप तिवारी-** कंचनपुर अधारताल निवासी श्री दिलीप तिवारी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बाबूराम विनोदिया-** तुलसी मोहल्ला बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री बाबूराम विनोदिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री इंद्रजीत डांगे-** अठारह क्वाटर्स सदर निवासी श्री इदूंरजीत डांगे (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूनम डुमार-** गलगला टोरिया निवासी श्री चंद्रशेखर डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती पूनम डुमार (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मधु द्विवेदी-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री भगवत प्रसाद द्विवेदी की धर्मपत्नी श्रीमती मधु द्विवेदी (70) का निधन हो गया।




अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लक्ष्मण प्रसाद लाडिय़ा-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री लक्ष्मण प्रसाद लाडिय़ा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी अवस्थी-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री अशोक कुमार अवस्थी की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी अवस्थी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विजयलक्ष्मी मिश्रा-** पुरानी बस्ती रांझी निवासी श्री शैलेंद्र कुमार मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती विजयलक्ष्मी मिश्रा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मीरा-** राजीव गांधी नगर कटंगा केंट निवासी श्री छवि की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा बाई पटेल-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री सुखलाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई पटेल (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अंकित रजक-** पुराना शोभापुर निवासी श्री नारायण रजक के पुत्र श्री अंकित रजक (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कुंजी लाल रजक-** चांदमारी ओम कला मंदिर रोड लालमाटी निवासी श्री कुंजी लाल रजक (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती अनीता नामदेव-** गली नं. 3 बादशाह हलवाई मंदिर के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री मुकेश नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता नामदेव (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
| | | | |
|---|---|---|---|
| सिंगल साइज:- | सें.मी. | ब्लैक&व्हाइट | 300/- |
| सिंगल साइज:- | सें.मी. | रंगीन | 400/- |
| सिंगल साइज | सें.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

रूस में आया दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप

# 5 मीटर तक ऊंची सुनामी लहरें उठीं, अमेरिका के अलास्का-हवाई-कैलिफोर्निया तक पहुंचीं चेतावनी

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस के पूर्वी प्रायद्वीप कामचटका में दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 8.8 थी। भूकंप का केंद्र जमीन से 19.3 किलोमीटर की गहराई में था। यह भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 4:54 बजे आया। कामचटका में 5 मीटर तक ऊंची सुनामी आई है। इसकी वजह से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। भूकंप से जापान के पूर्वी तट के पास एक फुट ऊंची पहली सुनामी लहरें पहुंची हैं।


रूस के सेवेरो-कुरिल्स्क शहर का तटीय इलाका पानी में डूब गया।


जापान ने अपने फुकुशिमा परमाणु रिएक्टर को खाली करा लिया।

**भूकंप से कोई हताहत नहीं**

भूकंप से अमेरिका के अलास्का और हवाई द्वीप तक सुनामी की लहरें पहुंचीं। कैलिफोर्निया में लोगों को समंदर के किनारे से दूर रहने की चेतावनी दी। चीन, फिलीपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, पेरू और मेक्सिको ने भी अपने तटीय इलाकों में सुनामी अलर्ट जारी किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि भूकंप से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मजबूत इमारतों और अलर्ट सिस्टम की वजह से बड़ा नुकसान नहीं हुआ।


रूस के कामचटका में एक किंडरगार्टन स्कूल को नुकसान पहुंचा।


जापान के उत्तरी द्वीप होक्काइडो में लोग घरों से बाहर आ गए।

## खबर संक्षेप

### सैन्य अड्डे पर हमले में 50 सैनिक मारे गए



**लागोस (नाइजीरिया)।** पश्चिम अफ्रीकी देश बुर्किना फासो के उत्तरी क्षेत्र स्थित एक सैन्य अड्डे पर चरमपंथी समूह 'जमात नस्र अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन' (जेएनआईएम) ने द्वारा किए गए हमले में लगभग 50 सैनिक मारे गए। हमले में लगभग 100 चरमपंथी शामिल थे। उन्होंने सैनिकों की हत्या करने के बाद सैन्य अड्डे में आग लगा दी और वहां लूटपाट की। उन्होंने पश्चिम अफ्रीकी देश के उत्तरी क्षेत्र में बौल्सा प्रांत के डार्गो स्थित सैन्य अड्डे पर सोमवार को यह हमला किया गया।

### थाईलैंड में पटाखा कारखाने में विस्फोट, 9 की मौत



**बैंकॉक।** मध्य थाईलैंड में पटाखा कारखाने में बुधवार को हुए विस्फोट में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। विस्फोट बैंकॉक से लगभग 95 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में, सुफान बुरी प्रांत में हुआ। विस्फोट का कारण अभी तक ज्ञात नहीं है। 'समरकुन सुफान बुरी रेस्क्यू फाउंडेशन' ने हादसे में नौ लोगों की मौत की सूचना दी है और बताया है कि दो लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया।

### यूक्रेनी सेना पर रूस का हमला, 3 सैनिकों की मौत



**कीव।** रूस ने मिसाइल से यूक्रेन की सेना के प्रशिक्षण मैदान को निशाना बनाया और इस हमले में कम से कम तीन सैनिकों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चेर्निहीव क्षेत्र में होन्चारिव्स्के के पास यूक्रेन के 169वें प्रशिक्षण केंद्र पर दो मिसाइलें दागी गईं इसमें कई सैनिकों की मौत हुई। रूस ने यूक्रेनी नागरिक ठिकानों पर भी हवाई हमले किए हैं।

सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी

## पुंछ में 'ऑपरेशन शिवशक्ति' मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

एलओसी के पास के जंगलों में बड़ी कार्रवाई



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

सुरक्षाबलों ने 'ऑपरेशन शिवशक्ति' के तहत जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में कसलीयां में नियंत्रण रेखा के पास मुठभेड़ के दौरान दो आतंकियों को ढेर कर दिया। सेना ने बताया कि इस इलाके में संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधियां देखी गई थीं, जिसके बाद भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों की टीम पर गोलीबारी कर दी है। इसके जवाब में कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबल की टीम ने मुठभेड़ में दोनों आतंकियों मार गिराया है। सुरक्षाबलों ने बताया कि देगवार सेक्टर में एलओसी के पास संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। इसके आधार पर सेना ने तुरंत इलाके को घेर लिया और ऑपरेशन शिवशक्ति शुरू किया गया।

**जारी है सर्च ऑपरेशन**

अभियान को लेकर सेना की व्हाइट नाइट कोर ने अपने आधिकारिक एक्स एकाउंट पर लिखा, भारतीय सेना ने नियंत्रण रेखा पार कर घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकवादियों को मार गिराया। त्वरित कार्रवाई और सटीक गोलाबारी ने उनके नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया। आतंकियों से तीन हथियार बरामद किए गए हैं। हमारी खुफिया इकाइयों और जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली सूचनाओं के कारण यह अभियान सफल रहा। फिलहाल ऑपरेशन जारी है।

### श्रीनगर में चला था ऑपरेशन महादेव

इससे पहले रविवार को सेना ने श्रीनगर में ऑपरेशन महादेव चलाया था। इस अभियान के तहत श्रीनगर के दाचीगाम मूलनार में सुरक्षाबलों ने तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को ढेर दिया। इनमें पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड सुलेमान उर्फ सुलेमानी उर्फ हाशिम मूसा और उसके दो साथी आतंकी जिबरान और अबू हमजा अफगानी शामिल थे।

ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में विदेश मंत्री जयशंकर की विपक्ष को दो टूक

कान खोलकर सुन लें

# 22 अप्रैल से 16 जून तक राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच फोन पर नहीं हुई बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने अमेरिकी राष्ट्रपति के संघर्ष विराम के दावों पर सरकार से स्पष्टीकरण मांगा और हंगामा किया। ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बुधवार को राज्यसभा में सरकार का पक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष के सवालों के जवाब दिए।

अपने वक्तव्य में विदेश मंत्री ने साफ कहा कि संघर्ष विराम को लेकर पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 22 अप्रैल से लेकर 16 जून 2025 के दौरान कोई बातचीत नहीं हुई। जयशंकर ने विपक्षी सांसदों से कहा कि 'मैं उनको कहना चाहता हूं, वे कान खोलकर सुन लें।

22 अप्रैल से 16 जून तक राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच एक बार भी फोन पर बात नहीं हुई।' जयशंकर ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय नीति है कि कोई भी बातचीत द्विपक्षीय होनी चाहिए। पाकिस्तान के डीजीएमओ की तरफ से संघर्ष विराम का अनुरोध किया गया था।

जयशंकर ने कहा कि जब ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ तो कई देश यह जानना चाहते थे कि स्थिति कितनी गंभीर है और ये हालात कब तक चलेंगे, लेकिन हमने सभी को एक ही संदेश दिया कि हम किसी भी मध्यस्थता के लिए तैयार नहीं हैं। हमारे और पाकिस्तान के बीच कोई भी समझौता द्विपक्षीय तौर पर ही होगा। हम पाकिस्तानी हमले का जवाब दे रहे हैं, और देते रहेंगे



पाक डीजीएमओ ने किया था संघर्षविराम का अनुरोध

**पाक के साथ समझौता द्विपक्षीय तौर पर**

जयशंकर ने कहा कि जब ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ तो कई देश यह जानना चाहते थे कि स्थिति कितनी गंभीर है और ये हालात कब तक चलेंगे, लेकिन हमने सभी को एक ही संदेश दिया कि हम किसी भी मध्यस्थता के लिए तैयार नहीं हैं। हमारे और पाकिस्तान के बीच कोई भी समझौता द्विपक्षीय तौर पर ही होगा। हम पाकिस्तानी हमले का जवाब दे रहे हैं, और देते रहेंगे। अगर यह लड़ाई रुकनी है, तो पाकिस्तान को इसका अनुरोध करना होगा और यह अनुरोध केवल डीजीएमओ के माध्यम से ही आ सकता है।

◆ मुंबई आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

### कुछ लोग चीनी राजदूत से ट्यूशन लेकर देते हैं ज्ञान

जयशंकर ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को चाइना-गुरु कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग चीन को लेकर ज्ञान ओलंपिक जाकर और चीनी राजदूत से प्राइवेट ट्यूशन लेकर हासिल करते हैं। चीन और पाकिस्तान की नजदीकी 1960 के दशक में शुरू हुई थी, लेकिन कांग्रेस सरकारें इस पर ठीक से काम नहीं कर पाईं। उन्होंने कहा कि चाइना-गुरु अब कहते हैं कि चीन और पाकिस्तान बहुत करीब आ गए हैं, लेकिन असल में यह सब तब हुआ जब हमने पीओके को छोड़ दिया।

**सिंधु जल समझौते में देश हितों की अनदेखी हुई**

*केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और सिंधु जल समझौता, मुंबई आतंकी हमला और चीन-पाकिस्तान गठजोड़ पर विपक्षी पार्टी की तीखी आलोचना की। विदेश मंत्री ने कहा सिंधु जल संधि कई मायनों में एक अनोखा समझौता है। मैं दुनिया में ऐसे किसी भी समझौते के बारे में नहीं जानता, जहां किसी देश ने अपनी प्रमुख नदी के पानी को दूसरे देश में बहने दिया। जयशंकर ने इसके लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि तत्कालीन सरकार ने अपने देश के हितों की अनदेखी कर पड़ोसी देश के हितों का ध्यान रखा था।*

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ऐलान

## भारत पर 1 अगस्त से लगाएंगे 25% टैरिफ, रूस से हथियार-तेल खरीद रहा, इसलिए पेनल्टी भी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 24 घंटे में दूसरी बार भारत पर 25% टैरिफ लगाने का ऐलान किया। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत, अमेरिका का दोस्त है, लेकिन पिछले कुछ सालों में हमने उसके साथ कम व्यापार किया है क्योंकि उसके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं। भारत की कई नीतियां ऐसी हैं जो अमेरिकी कंपनियों को व्यापार करने में मुश्किलें पैदा करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज भी अपने ज्यादातर हथियार रूस से खरीदता है।



**अमेरिकी टीम 25 अगस्त को भारत आएगी**

भारत और अमेरिका के मध्य प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर छठे राउंड की चर्चा के लिए अमेरिकी अधिकारी 25 अगस्त को भारत आएंगे। दोनों देश सितंबर-अक्टूबर तक ट्रेड एग्रीमेंट्स का पहला चरण पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके साथ ही एक अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट की संभावना भी तलाशी जा रही है।

**इंदिरा से प्रेरणा लें पीएम मोदी: कांग्रेस**

*कांग्रेस ने कहा कि अब पीएम नरेंद्र मोदी को इंदिरा गांधी से प्रेरणा लेते हुए ट्रंप के सामने खड़े हो जाना चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह कटाक्ष भी किया कि अब ट्रंप और पीएम मोदी द्वारा की गई एक-दूसरे की तारीफ का कोई मतलब नहीं रह गया है।*

इजराइल की बढ़ी मुश्किल

## फिलिस्तीन को मान्यता देने के लिए 14 देश साथ आए

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

गाजा में हमास से लड़ रहे इजराइल को यूरोपीय देशों से करारा झटका लगता दिख रहा है। ब्रिटेन और फ्रांस की ओर से फिलिस्तीन को मान्यता दिए जाने वाले बयानों के बीच अब 14 देशों के गुट ने इजराइल के खिलाफ मोर्चा खोला है। एंडोरा, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फिनलैंड, फ्रांस, आइसलैंड, आयरलैंड, लग्जमबर्ग, माल्टा, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, सान मारिनो, स्लोवेनिया और स्पेन ने मोर्चा



खोल दिया है। इन देशों की ओर से कहा गया है कि यदि गाजा में इजराइल की ओर से हमले नहीं रोके गए तो फिर फिलिस्तीन को मान्यता देंगे। ऐसा प्रस्ताव सितंबर में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखा जाएगा। इन देशों के विदेश मंत्रियों की ओर से साझा बयान जारी किया गया है।

लद्दाख में सेना के वाहन पर गिरा पत्थर

## 2 अधिकारी शहीद, 3 सैनिक घायल, बचाव कार्य शुरू

एजेंसी ▶▶ लेह

पूर्वी लद्दाख के एक सुदूर इलाके में सेना के एक वाहन पर एक बड़ा पत्थर गिर गया, जिससे बड़ा हादसा हो गया। अधिकारियों के जरिए मिली जानकारी के मुताबिक, बुधवार को हादसे का शिकार हुआ यह वाहन एक काफिले का हिस्सा था। हादसे के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक जवान की मौत हो गई, जबकि तीन अधिकारी घायल हो गए हैं। मृतकों की पहचान



लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह और लांस दफादार दलजीत सिंह के रूप में हुई है। सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जीओसी, फायर एंड फ्यूरी कोर और सभी रैंक लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह और लांस दफादार दलजीत सिंह को सलाम करते हैं।

दुनिया के सामने यूएनएससी की रिपोर्ट से पाकिस्तान हुआ बेनकाब

हमला पाक के एलईटी के समर्थन के बिना संभव नहीं

## टीआरएफ ने पहलगाम हमले की पहले तस्वीर पोस्ट की, दो बार ली जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने वाले संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को आतंकी संगठन घोषित किए जाने पर बड़ा खुलासा किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध निगरानी टीम ने कहा है कि द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम आतंकवादी हमले की दो बार जिम्मेदारी ली थी और पहलगाम हमला स्थल बैसरन घाटी की फोटो पोस्ट की थी। टीम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि यह हमला पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के समर्थन के बिना संभव नहीं था। एलईटी और टीआरएफ के बीच संबंध थे। यूएनएससी में आईएसआईएल (दाएश), अल-कायदा जैसे आतंकी संगठनों की निगरानी करने वाली टीम ने 36वीं रिपोर्ट पेश की।

*मदरसों में बच्चों को आत्मघाती विचारधारा सिखा रहे*



**टीटीपी के पास 6 हजार लड़ाके**

रिपोर्ट में कहा गया कि अफगानिस्तान में अलकायदा के कई प्रशिक्षण स्थल होने की सूचना मिली है। साथ ही तीन नए स्थलों की पहचान की गई है। छोटे और अल्पविकसित होंगे। इन जगहों पर कथित तौर पर अलकायदा और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) दोनों के लड़ाकों को प्रशिक्षण दिया जाता था। टीटीपी के पास लगभग 6,000 लड़ाके थे और उसे अफ़गानिस्तान में अधिकारियों से लगातार पर्याप्त रसद और संचालनात्मक सहायता मिलती रही।

**दो हजार लड़ाकों की भर्ती जारी**

रिपोर्ट में कहा है कि आईएसआईएल-के मध्य और दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर सबसे गंभीर खतरा बना हुआ है। लगभग दो हजार लड़ाकों के साथ आईएसआईएल-के (इस्लामिक स्टेट खुरासान) ने अफगानिस्तान के अंदर और बाहर, मध्य एशियाई राज्यों और रूसी उत्तरी काकेशस में भर्ती जारी रखी। पाकिस्तानी सीमा के निकटवर्ती क्षेत्रों में आईएसआईएल-के ने मदरसों में बच्चों को आत्मघाती विचारधारा से परिचित कराया।

आईएमएफ ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

भारत की अर्थव्यवस्था को मिल रहा लाभ

## वित्त वर्ष 2026 और 27 में 6.4 प्रतिशत वृद्धि दर रहने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत की आर्थिक वृद्धि को लेकर एक अच्छी खबर दी है।




आईएमएफ की नई रिपोर्ट के मुताबिक भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026 और 2027 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह पहले के अनुमान की तुलना में थोड़ा अधिक है, जो दर्शाता है कि भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर अनुकूल परिस्थितियों का लाभ मिल रहा है। हालांकि, आईएमएफ ने यह भी चेतावनी दी है कि कुछ जोखिम बने हुए हैं। जैसे- अमेरिका में मुद्रास्फीति अब भी लक्ष्य से ऊपर है, वैश्विक व्यापार में टैरिफ बढ़ने का खतरा है।

**वैश्विक विकास दर 2025 में 3.0%, 2026 में 3.1% रहेगी**

*आईएमएफ ने अपनी "वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक" रिपोर्ट में कहा है कि उसने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.2 प्रतिशत यानी 20 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4% कर दिया है। अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भी ग्रोथ अनुमान को 0.1 प्रतिशत यानी 10 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4% किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में आर्थिक स्थिति थोड़ी बेहतर हुई है। वहीं आईएमएफ ने वैश्विक विकास दर 2025 के लिए 3.0 प्रतिशत और 2026 के लिए 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। यह अप्रैल में दिए गए अनुमान से थोड़ा अधिक है।*

-श्रावण मास के पावन अवसर पर श्री शिव महापुराण कथा और रुद्री निर्माण का आयोजन

# शंकराचार्य मठ में निकली श्री शिव महापुराण की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि, जबलपुर।

**श्रावण मास की शुभ वेला में जबलपुर स्थित श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण आयोजन का शुभारंभ हुआ। आज श्री शिव महापुराण के दिव्य आयोजन की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भाग लेकर शिव महिमा का गुणगान किया।**



## चैतन्यानंद जी के श्रीमुख से होगी अमृतमयी कथा-

इस आयोजन के अंतर्गत बुधवार से 7 अगस्त तक प्रतिदिन संध्या 7:00 बजे से पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज द्वारा श्री शिव महापुराण कथा का दिव्य वाचन किया जाएगा। कथा उपरांत भक्तगणों को भगवान शिव के महारुद्राभिषेक का पुण्य लाभ प्राप्त होगा। कथा स्थल को सुंदर विद्युत सज्जा, पुष्प वर्षा और भजन-कीर्तन से सजाया गया है, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया।

## पार्थिव शिवलिंग निर्माण के साथ असंख्य रुद्री पाठ-

इस दौरान असंख्य रुद्री पाठ एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण भी किया जा रहा है, जिसमें भक्तजन पूरे श्रद्धाभाव से भाग ले रहे हैं। इस अनुष्ठान से शिव कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि का वास होता है।

## सामूहिक सहभागिता से गूंजा शिव नाम-

इस आयोजन में नगर के कई श्रद्धालुगण एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिनमें प्रमुख रूप से पद्मा मेनन, नीता पटेल, अमित प्रतीक्षा सिंह, रमेश चित्रा महावर, राधा शुक्ला, वसुंधरा मुक्ता पाण्डेय, गोविंद प्रीति साहू, मोहित दीप्ति मिश्रा, नेहा विजय साहू, प्रीति अग्रवाल, आशीष आराधना चौकसे, वंदना ठाकुर, सुनील गुप्ता, तुलसी अवस्थी, पीयूष दुबे, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, शुभम चौरसिया, रोहित साहू, राहुल मौर्य, अभिषेक उपाध्याय, मनोज सेन आदि श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

## आयोजन में पधारकर उठाए धर्मलाभ-

शंकराचार्य मठ परिवार ने सभी श्रद्धालुजनों से अनुरोध किया है कि इस अमृतमयी कथा सरिता में अवगाहन कर, भगवान शिव की कृपा प्राप्त करें और अपने जीवन को आध्यात्मिक आस्था से भरें।



# भस्मासुर ने भगवान शिव का आंसुओं से किया अभिषेक, तो वरदान का पात्र हो गया

जबलपुर।

चैतन्य महाप्रभु नर्मदा संकीर्तन मंडल के द्वारा सावन माह में प्रतिदिन निःशुल्क रुद्रा अभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। सावन के इक्कीसवें दिन भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक आचार्य पं. मोहित तिवारी द्वारा सुबह 7 बजे से वैदिक मंत्रों के साथ आईटीआई से कटंगी रोड शुभम ट्रेडर्स के बाजू वाली गली माता महाकाली मंदिर में संपन्न हुआ। पं मोहित तिवारी ने बताया कि भस्मासुर ने शिवलिंग का अभिषेक अपनी आंखों के आंसुओं से किया, तो वह भी भगवान के वरदान का पात्र बन गया। कालसर्प योग, गृहक्लेश, व्यापार में नुकसान, शिक्षा में रुकावट सभी कार्यों की बाधाओं को दूर करने के लिए रुद्राभिषेक आपके अभीष्ट सिद्धि के लिए फलदायक है।

सावन मास रुद्रा अभिषेक संयोजक एवं संकीर्तन मंडल संयोजक श्याम मनोहर पटेल ने बताया कि महाआरती के पश्चात भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ, किसी भी प्रकार कभी चंदा नहीं लिया जा रहा है। सह संकीर्तनचार्य सुरेश विश्वकर्मा के द्वारा भगवान शिव की अद्भुत प्रस्तुति की गई।

31 जुलाई गुरुवार को खजरी खिरिया डॉ. राजनंद पटेल के सानिध्य में 7:30 से 9:30 तक रुद्राभिषेक के साथ भगवननाम संकीर्तन किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित अध्यक्ष विनोद दीवान, संयोजक श्याम मनोहर पटेल, सह संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा, पंडित संतोष तिवारी, मनोहर विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, चंद्र कुमार पटेल, नरेश गुजराती, छन्नूराम पटेल, दीपक तिवारी, गणेश विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, लालजी पटेल आदि उपस्थित रहे।





# माँ शीतला को चुनरी भेंट की

**जबलपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के पावन अवसर पर घमापुर शीतलामाई वार्ड स्थित माता शीतला के मंदिर में देश के अच्छे मानसून हरियाली एवं खुशहाली हेतु एवं संक्रमण रोगों की रोकथाम हेतु मंदिर परिवार द्वारा माँ शीतला को एक सौ इक्कीस फुट की चुनरी भेंट की गई, जो मंदिर के शिखर (गुम्बज) से माता के श्री चरणों तक ओढ़ाई गई तथा सावन में माँ को झूलने हेतु मंदिर में विशेष श्रृंगार के साथ माँ का झूला भी डाला गया, सभी कार्यक्रम विधि विधान से मंदिर परवार द्वारा संपन्न कराये गए। इस विशेष अवसर पर मंदिर परिवार के डॉ. रमाकांत रावत, विधायक प्रतिनिधि एड. कल्लन गुप्ता, अजय कुमार अग्रहरि, पुजारी शीतला प्रसाद तिवारी, मोनू कोरी, डॉ. एमएल गौर, अतुल रावत, अंकित राव, रंगू राजपूत, प्रेमसुख चक्रवर्ती, विजय केशरवानी, गोलू बर्मन आदि की उपस्थिति रही।

# लगातार बारिश के चलते स्कूलों में अवकाश घोषित किया जाए, मांग

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि इस समय जिले में लगातार बारिश का दौर जारी है और भारी बारिश के चलते आवागमन अस्त-व्यस्त हो चुका है। खराब मौसम के चलते चारों तरफ पानी ही पानी है, स्कूल कैम्पस में पानी भर रहा है, छतों में पानी भरने की वजह से कई जगह पानी रिस रहा है, खपरे वाली छतों पर ज्यादा खतरा बना हुआ है, गरीब बच्चे छाता, बरसाती न होने से भीगकर/ गीले होकर स्कूल आते हैं ऐसे में स्कूल के बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, वहीं नदियों और नालों में उफान आने की वजह से ग्रामीण क्षेत्र में पढ़ने वाले बच्चों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है, ऐसे में अध्ययनरत बच्चों के जान-माल का खतरा बना हुआ है और छोटे नन्हे मुन्नों को सर्दी, निमोनिया, बुखार जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अतः संगठन कलेक्टर जिला जबलपुर से मांग करता है कि खराब मौसम और निरंतर बारिश के चलते स्कूलों में अवकाश घोषित किया जाए। प्रदेश अध्यक रॉबर्ट मार्टिन, मीनुकान्त शर्मा, हेमंत ठाकरे, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, राजेश सहारिया, आदि ने कलेक्टर जिला जबलपुर से मांग की है की लगातार बारिश के चलते स्कूलों में अवकाश घोषित किया जाए।

# नागपंचमी पर संस्कारधानी में हुआ दंगल का आयोजन

## हिमांशु, रोशन, साहिल, आदित्य और पंखुड़ी बने विजेता

**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी संस्कारधानी जबलपुर में नागपंचमी के अवसर पर कजरवारा स्थित खेरमाई मंदिर में एक दिवसीय दंगल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में शहर एवं आसपास के विभिन्न अखाड़ों के लगभग 40 पहलवानों ने भाग लिया, जिसमें 10 महिला पहलवानों ने भी दमदार उपस्थित दर्ज कराई जो कि एक सराहनीय पहल है। स्व. ईश्वरदास रोहाणी एवं ठाकुरदास जोशेले की स्मृति में आयोजित इस दंग में भारी वर्षा होने के बावजूद भी अखाड़े के पहलवान पूरे जोश और जज्बे के साथ पहुंचे और दर्शकों को रोमांचित कर देने वाली कुश्ती का प्रदर्शन कर संस्कारधानी को गौरवांवित किया। इस कुश्ती



प्रतियोगिता में संस्कारधानी के हिमांशु, रोशन, साहिल, आदित्य और पंखुड़ी पहलवान विजेता रहे एवं सभी पहलवानों का प्रदर्शन जोरदार था। कार्यक्रम की शुरूआत बजरंगबली की पूजा अर्चना के साथ की गई। इस अवसर पर कृष्ण चौधरी पार्षद, इंडियन स्टाईल कुश्ती संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, विनय रोहाणी, यश रोहाणी, विवेक जसेले, राजेश बेन, गौतम सिंह, संतोष चौधरी, शशि जसेले, आशिक चौधरी एवं समिति के अध्यक्ष मन्तो पहलवान उपस्थित थे।

# मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र कंपनी के दो कार्मिक आज होंगे सेवानिवृत्त





**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से दो कार्मिक आज 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। गिरिजा प्रसाद गोस्वामी- मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता, अनूपपुर गिरिजा प्रसाद गोस्वामी 36 वर्ष 01 माह की सेवा के उपरांत आज 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। हरिबंश प्रसाद शुक्ला- मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता, प्रवर्तन रीवा कार्यालय में पदस्थ हरिबंश प्रसाद शुक्ला, कार्यपालन अभियंता 40 वर्ष 06 माह की सेवा के उपरांत आज 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पूर्व क्षेत्र कंपनी इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

# मंत्री और विधायक के बीच सदन में संस्कृत में संवाद

## विधायक अभिलाष पांडे ने उठाई संस्कृत भाषा के संवर्धन की मांग

जबलपुर।

भाजपा विधायक अभिलाष पांडे ने विधानसभा में एक महत्वपूर्ण विषय उठाते हुए संस्कृत भाषा के व्यावसायिक संवर्धन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विधानसभा में संस्कृत भाषा में ही ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिससे पूरे सदन का ध्यान इस प्राचीन भाषा की ओर आकर्षित हुआ।

अभिलाष पांडे ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत जहां अंग्रेजी और हिंदी जैसी भाषाओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है, वहीं संस्कृत जैसी गौरवशाली भाषा को व्यावसायिक स्तर पर प्रोत्साहन नहीं मिल रहा। उन्होंने सीधे सवाल किया कि आखिर संस्कृत पढ़ने वाले छात्रों को सरकार कौन-सी छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध करा रही है, और क्या इसे रोजगार से जोड़ने के लिए कोई योजनाएं बनाई जा रही हैं? इस पर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने भी संस्कृत भाषा में जवाब देते हुए कहा कि सरकार संस्कृत के संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि शासकीय संस्कृत विद्यालयों एवं आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की सुविधा दी जाती है। मंत्री ने आंकड़ों के साथ जानकारी देते हुए कहा कि वर्ष 2024-25 में करीब 3500 छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ दिया गया है। डॉ. अभिलाष पांडे ने जोर देते हुए कहा कि केवल शैक्षणिक स्तर पर नहीं, बल्कि संस्कृत भाषा को व्यवसाय और नौकरी से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने मांग की कि सरकार को संस्कृत में उच्च शिक्षा, अनुवाद, शोध और अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में अवसर पैदा करने चाहिए, ताकि छात्र इसे केवल परंपरा नहीं, रोजगार के विकल्प के रूप में भी अपनाएं। इस चर्चा के दौरान संस्कृत में संवाद की परंपरा ने सदन का माहौल भी विशेष बना दिया। अनेक विधायकों ने अभिलाष पांडे की इस पहल की सराहना की और संस्कृत के प्रति उनकी गंभीरता की प्रशंसा की।

# दलित, आदिवासियों पर अत्याचार बंद हो : संत रविदास विचार मंच

**जबलपुर।** संत शिरोमणी रविदास विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ एडवोकेट प्रहलाद चौधरी ने जानकारी दी कि आज समूचे देश में दलित वर्ग एवं आदिवासी वर्ग तथा लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले नागरिक समाज, मनुवादी प्रभावशील व्यक्तियों के अत्याचारों से सुरक्षित नहीं है। देश का संविधान खतरे में है, अर्थात देश बचाने की अपील संत शिरोमणि रविदास विचार मंच ने सरकार से की है। मंच के प्रातीय सचिव डॉ. मानक लाल जाटव, एड. संकेत चौधरी, बेनी चौधरी, मास्टर कुंजीलाल सुमन, एड. अनिल अहिरवार, एड. दिनेश अरोरा, एड. रोशनी रैदास, सुमित चौधरी एवं महिला सशक्ति दल, नारी शक्ति मंडल ने छेड़छाड़ बंद कराने की अपील सरकार से की है।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **POOMADEVI MUNIYANDI** is legally Mother of No **15426329F** Rank **NK** Name **GOPI M** presently, residing at **VILL-KEELAYUR COLONY, PO- KEELAYUR, TEH-ILAYANGUDI, DISTT-SIVAGANGA (TAMILNADU)-630702** I, have changed of my name and date of birth from name **M BOOMA DEVI** and date of birth **01/01/1968** (Name and date of birth as per my **SON,** Army service records)) to name **POOMADEVI MUNIYANDI** and date of birth **23/06/1968** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD AND PAN CARD)** vide affidavit dated **28/07/2025** formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)

**CORRECT NAME**
**POOMADEVI MUNIYANDI**
**INCORRECT NAME-M BOOMA DEVI**
**CORRECT DATE OF BIRTH-23/06/1968**
**INCORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1968**

**CHANGE OF NAME**

**I, Smt. Chandrakanta Khanna, wife of Late Shri Yeshpal Khanna, resident of 4, Gulmohar Residency, Nagrath Chowk, Civil Lines, Jabalpur (M.P.) - 482001, Aadhaar Card No. 7736 1609 4466,** do hereby inform the general public that: My husband **Shri Yeshpal Khanna** passed away on **13/07/1999.** His name appears differently in various official records due to clerical or typographical errors, as follows: 1. In Aadhaar Card: **Yeshpal Khanna** 2. In Death Certificate: **Yashpal C. Khanna** 3. In Land Records (Khasra): **Jaspal Khanna** I hereby declare that **Yeshpal Khanna, Yashpal C. Khanna,** and **Jaspal Khanna** refer to one and the same person, who is none other than my deceased husband. affidavit dated **30/07/2025** formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)

# जो मिले, जब मिले उसी में संतुष्ट रहने की सीख देते हैं महादेव : नरसिंह देवाचार्य

जबलपुर।

जीवन प्रतिपल एक नई चुनौती प्रस्तुत करता है लेकिन जो इन सभी प्रतिकूलताओं अथवा अनुकूलताओं को समभाव से स्वीकार कर लेता है, वही जीवन महान भी बन पाता है। भगवान भोलेनाथ के जीवन की यह सीख बड़ी ही अद्भुत है कि कभी दूध मिला तो प्रसन्न हो गये व कभी केवल पानी ही मिला तो भी प्रसन्न हो गये। कभी शहद अर्पित हुआ तो प्रसन्न हो गये और कभी धतूरा ही मिला तो सहर्ष स्वीकार कर लिया। केवल एक विल्व पत्र पर रीझने वाले भगवान भोले नाथ जीव को यह सीख देना चाहते हैं, कि आवश्यक नहीं कि हर बार उतना ही मिलेगा जितनी आपकी अपेक्षा है। कभी-कभी कम मिलने पर भी अथवा जो मिले, जब मिले और जितना मिले उसी में संतुष्ट रहना तो सीखो, तुम आशुतोष बनकर अवश्य पूजे जाओगे, उक्ताशय के उद्गार नरसिंह मंदिर मे नृसिंह पीठाधीश्वर डॉ.स्वामी नरसिंहदेवाचार्य ने नर्मदेश्वर महादेव के रूद्राभिषेक, षोडशोपचार पूजन अर्चन आरती के दौरान कहे।इस अवसर पर सतीश मिश्रा, राजेन्द्र इंदुलता प्यासी, लालमन मिश्र, कामता शास्त्री ,रामफल शास्त्री, ब्रम्हचारी हिमांशु .प्रियांशु, पवन आदि उपस्थित रहे।



# बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का किया जाए सर्वे : बसपा

**जबलपुर।** बहुजन समाज पार्टी जबलपुर जिला इकाई के प्रतिनिधियों ने आज भारी बारिश से प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता आदि दिलाने की मांग जिला कलेक्टर से की है। बसपा केन्द्रीय स्टेट कोआर्डिनेटर बालकिशन चौधरी के नेतृत्व में उपस्थित बसपा जिले के पदाधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण मिट्टी से बने मकान धसक रहे हैं, बहुत समय से भवन निर्माण योजना की प्रतीक्षा में जर्जर हालत में बने मकानों में रहने वाले मजबूर गरीब वर्ग पर मौत का खतरा मंडरा रहा है, पार्टी जिला कलेक्टर से अनुरोध करती है कि उक्त स्थिति को देखते हुए जर्जर मकानों का सर्वे कराकर लोगों को तत्काल राहत, आर्थिक मदद और लंबित पड़े भवन निर्माण योजना के आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। ज्ञापन देते समय बसपा जिला अध्यक्ष लखन अहिरवार, लक्ष्मण अहिरवार, सुरजीत मयंक चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS ABRAR AHMED I, HAVE CHANGE THE SPELLING OF MY FIRST NAME AND HENCE FORTH I, AND SHALL BE KNOWN AS ABRAR AHMAD S/O SHAMEE AHMED RESIDENT OF H.NO. 520/2, GOVIND VALLABH PANT WARD, GOHALPUR, JABALPUR (M. P.) 482002

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 30/072025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राज किशोर रजक पिता श्री मूलचंद रजक ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 109 चैतन्य सिटी सम्पत्ति पिन क्रमांक 1000381486 पर निर्मित भूतल 900 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री लक्ष्मणदास जुनेजा पिता स्व. श्री झांगीराम जुनेजा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 30/072025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री (1) जयेश पालन पिता श्री हीरजी भाई पालन (2) श्री गीत पालन पिता श्री जयेश पालन (3) श्रीमति अल्पा पालन पति श्री जयेश पालन ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक 539 /एच.आइजी. T2, रा. अआ. सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398629 पर निर्मित भूतल 2000 वर्गफुट RCC, प्रथम तल 2000 वर्गफुट RCC विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री राजीव ढोडी पिता स्व. श्री के.एन.ढोडी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**